QP CODE: 23144576

23144576

**Reg No** : .....................

**Name** : .....................

# M A DEGREE (CSS) EXAMINATION, NOVEMBER 2023

## Third Semester

Faculty of Language and Literature

M A Hindi

## CORE - HN010301 - MODERN POETRY - I

2019 ADMISSION ONWARDS

50B0B159

Time: 3 Hours | Weightage: 30

**Part A (Short Answer Questions)**

*Answer any **eight** questions.*

*Weight **1** each.*

1. द्विवेदी युगीन काव्य भाषा।
2. छायावाद के चार स्तम्भ।
3. साकेत' का शिल्प पक्ष।
4. कामायनी के समरसता सिद्धांत का परिचय दीजिए |
5. निराला-काव्य में नारी जीवन।
6. जलियांवालाबाग में वसंत ' कविता का भावार्थ लिखिए।
7. अग्निबीज' कविता का वर्ण्य विषय क्या है ?
8. ग्राम्या ' में नारी-चित्रण।
9. महादेवी की कविताओं का भाव-सौन्दर्य।
10. पुरूरवा की चरित्रगत विशेषतायें।

(8×1=8 weightage)

**Part B (Short Essay/Problems)**

*Answer any **six** questions.*

*Weight **2** each.*

11. "उस रुदंती विरहिणी के रुदन-रस के लेप से , और पाकर ताप उसके प्रिय-विरह-विक्षेप से, वर्ण-वर्ण सदैव जिनके हो विभूषण कर्ण के , क्यों न बनाते कविजनों के ताम्रपत्र सुवर्ण के ?"- व्याख्या कीजिए।

12. " लाई सखि, मालिनें थीं डाली उस बार जब, जम्बूफल जीजी ने लिए थे, तुझे याद है ? मैंने रसाल लिए, देवर खड़े थे वहीं, हँसकर बोल उठे - निज निज स्वाद है !" - व्याख्या कीजिए।

13. " थी अर्धांगिनी उसी की जो उसे खोजती आयी , यह दशा देख, करुणा की - वर्षा द्दग में भर लायी । वरदान बने फिर उसके आंसू , करते जग- मंगल , सब ताप शांत होकर , वन हो गया हरित , सुख- शीतल। " - व्याख्या कीजिए।

14. " कली जो चटकी अभी सूखकर कांटा हुई होती कभी। रोज पड़ता रहा पानी, तू हरामी खानदानी । " - व्याख्या कीजिए।

15. " अलसता की-सी लता, किंतु कोमलता की वह कली, सखी-नीरवता के कंधे पर डाले बाँह, छाँह सी अम्बर-पथ से चली । " - व्याख्या कीजिए।

16. " यहाँ कोकिला नहीं, काग हैं, शोर मचाते, काले काले कीट, भ्रमर का भ्रम उपजाते। कलियाँ भी अधखिली, मिली हैं कंटक-कुल से, वे पौधे, व पुष्प शुष्क हैं अथवा झुलसे । " - व्याख्या कीजिए।

17. " अग्निबीज तुमने बोए थे रमे जूझते,युग के बहु आयामी सपनों में, प्रिय खोए थे ! " - व्याख्या कीजिए।

18. " जीवन मिला है यह रतन मिला है यह धूल में कि फूल में मिला है तो मिला है यह मोल-तोल इसका अकेले कहा नहीं जाता। " - व्याख्या कीजिए।

(6×2=12 weightage)

**Part C (Essay Type Questions)**

*Answer any **two** questions.*

*Weight **5** each.*

19. द्विवेदी युगीन कविता की मुख्य प्रवृतियों के आधार पर विवेच्य युग की काव्यगत उपलब्धियों का मूल्याँकन कीजिए।

20. कथ्य और शिल्प की द्दष्टि से साकेत सशक्त महाकाव्य है -स्पष्ट कीजिए |

21. कामायनी ' में अभिव्यक्त मानवतावादी चेतना का वर्णन कीजिए।

22. "'उर्वशी' दिनकर की महान रचना है" -विचार कीजिए |

(2×5=10 weightage)